## विवरणिका

स्थापित - 1889 ई.

# बिहार नेशनल कॉलेज

## पटना विश्वविद्यालय

अशोक राजपथ, पटना-800 004 (बिहार)

www.bncollege.in

(NAAC ACCREDITED 'B++' & CPE)



### स्नातक एवं स्नातकोत्तर कला एवं विज्ञान

**डा. राजकिशोर प्रसाद**

प्राचार्य

Scanned by CamScanner



कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, पटना



प्राचार्य, बी. एन. कॉलेज, पटना

Scanned by CamScanner

# बिहार नेशनल कॉलेज, पटना

अशोक राजपथ, पटना-800004

(पटना विश्वविद्यालय, पटना)

BIHAR NATIONAL COLLEGE

# विवरणिका

**Session : 2019 - 2020**

प्राचार्य

**डा० राजकिशोर प्रसाद**

बी० एन० कॉलेज, पटना

Scanned by CamScanner

# अनुक्रम


| | | |
|---|---|---|
| 1. | परिचय | 1 |
| 2. | नामांकन संबंधी नियम | 2 |
| 3. | कक्षाओं के लिए आवंटित एवं आरक्षित सीटों का ब्यौरा | 4 |
| 4. | पाठ्यचर्या | 5 |
| 5. | व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स | 7 |
| 6. | शुल्क | 7 |
| 7. | छात्रावास | 7 |
| 8. | कोड (संकेत) | 10 |


Scanned by CamScanner

# महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय

'वतन रहे हमेशा शादकाम और आजाद,
हमारा क्या है ? हम दिन-चार रहें न रहें।

राष्ट्र प्रेम की इसी रवानगी से अभिभूत कुल्हड़िया के जमींदार घराने में प्रादुर्भूत भ्रातृद्वय बाबू विश्वेश्वर सिंह एवं बाबू शालिग्राम सिंह द्वारा ज्ञान के साथ ही राष्ट्रीयता का अलख जगाने हेतु सन् 1889 में स्थापित **'बिहार नेशनल कॉलेज'** पटना विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई है। सुरसरि पतितपावनी भागीरथी गंगा और ऐतिहासिक अशोक राजपथ के बीचोबीच अवस्थित यह महाविद्यालय अपनी शताब्दी मनाकर अपनी गौरवमयी प्राचीर से आज भी शिक्षा व देश प्रेम की सुरभि बिखेर रहा है।

यहाँ कला एवं विज्ञान के संकायों में स्नातक से स्नातकोत्तर तक सह-शिक्षण की व्यवस्था है। अनुभवी, कुशल व योग्य प्राध्यापकों द्वारा यहाँ शिक्षण के साथ-साथ शोध-कार्य (रिसर्च) सम्पन्न कराये जाते हैं।

कला एवं विज्ञान के दो अलग-अलग विशाल भवनों, प्रशासनिक भवन व सुसज्जित विस्तृत परिसर अपनी भव्यता व सुसंगठित शैक्षिक व्यवस्था के कारण छात्र-छात्राओं के आकर्षण का केन्द्र है। इसके आंतरिक परिवेश में हरे-भरे उपवन, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग कॉमन रुम, विशाल खेल मैदान व पुस्तकालय, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ, सुसज्जित सेमिनार भवन सहित आवश्यक छात्रोपयोगी सुविधाएँ मौजूद हैं। ऐतिहासिक गाँधी मैदान से सटे तीन खंडों में अवस्थित इस महाविद्यालय का छात्रावास अत्यंत विशाल व आधुनिक सुविधाओं से युक्त है।

**उद्देश्य :**

छात्र-छात्राओं में अनुशासन, चरित्र-निर्माण, स्वावलंबन के विकास के साथ ही सामाजिक व राष्ट्रीय-दायित्वों के सम्यक् निर्वहण का विवेक पैदा करना महाविद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। आज के वैश्विक परिवेश में व्यावसायिक व रोजगारोन्मुखी-शिक्षा के महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। महाविद्यालय में इस महत्व को दृष्टिगत करते हुए अनेक व्यावसायिक कोर्सों का भी कुशल संचालन किया जा रहा है। साथ-ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) और राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की शाखाओं संचालन किया जाता है। खेलकूद व योग की कक्षाओं द्वारा विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ-ही समय-समय विद्वान व्यक्तित्वों के भाषणों, सेमिनारों एवं विविध प्रदर्शनियों द्वारा उनका बौद्धिक विकास भी महाविद्यालय में करवाया जाता है।



Scanned by CamScanner

# नामांकन संबंधी नियम

1. नामांकन के लिए आवेदन करने वाले इच्छुक छात्र-छात्राओं से यह अपेक्षा की जाती है कि नामांकन संबंधी विज्ञप्ति के प्रकाशन के बाद विहित आवेदन प्रपत्र को ऑनलाइन भरकर वांछित सभी मूल प्रमाण-पत्रों की छाया प्रतियों को किसी प्राधिकृत अधिकारी से सत्यापित कराकर उन्हें आवेदन फार्म की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न कर निर्धारित तिथि तक कॉलेज में अवश्य जमा कर दें।

2. निर्धारित तिथि के बाद किसी भी परिस्थिति में नामांकन प्रपत्र (Admission Form) को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

3. अस्पष्ट तथा अपूर्ण रूप से भरे हुए नामांकन प्रपत्र पर कोई विचार नहीं होगा और वैसे फार्मों को अस्वीकृत करने का पूरा अधिकार पटना विश्वविद्यालय को होगा।

4. **पटना विश्वविद्यालय नामांकन संबंधी अधिनियम के तहत केवल नामांकन प्रवेश परीक्षा (Entrance Test) PUCET-2019 में प्राप्त अंक के आधार पर तैयार मेधा सूची (Merit-lists) के अनुसार किया जा सकेगा।**

5. स्नातक कला (बी० ए०), स्नातक विज्ञान (गणित) और स्नातक विज्ञान (जीव विज्ञान) विषयों में नामांकन के लिए इच्छुक छात्रों को **अलग-अलग विहित** नामांकन प्रपत्रों में आवेदन करना अनिवार्य होगा। **एक वर्ग के लिए आवेदित प्रपत्र को दूसरे वर्ग में परिवर्तित नहीं किया जायेगा।**

6. वैसे छात्र जो कि आरक्षित वर्ग में मिलिट्री, विकलांग तथा अप्रवासी भारतीय कोटे के तहत नामांकन के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें भी सामान्य फार्म के साथ-साथ अलग से कॉलेज काउंटर से विहित प्रपत्र लेकर प्रमाण-पत्र सहित जमा करना होगा।

7. **नामाकंन के समय विवरण पत्रिका (Prospectus) में निर्धारित विषयों को विभिन्न श्रेणियों के तहत ही अपने विषयों का चुनाव करना अनिवार्य है।** विषय-समूह से अलग हटकर विषयों के चुनाव करने पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। चयनित विषय समूह का आवंटन, निर्धारित सीटों की संख्या के अनुसार मेधाक्रम में ही किया जायेगा। सीट भर जाने पर वह विषय समूह आवंटित नहीं किया जायेगा और इसे बदल कर सीटों की उपलब्धता के अनुसार कोई दूसरा विषय समूह आवंटित किया जायेगा।

8. नामांकन के समय छात्र-छात्राओं को सभी प्रमाण-पत्र, अंक-पत्र तथा 4 पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ प्रस्तुत करना अनिवार्य है तथा उन्हें स्वयं उपस्थित होना आवश्यक होगा अन्यथा नामांकन नहीं किया जा सकेगा।



Scanned by CamScanner

9. नामांकन के समय प्रस्तुत किये गये प्रमाण-पत्रों के जाँचोपरान्त यदि उसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पायी गयी तो पटना विश्वविद्यालय सामान्य अधिनियम clause 9(C) के तहत छात्र/छात्रा का नामांकन रद्द कर दिया जायेगा।

10. वर्ग प्रारंभ होने के बाद बिना किसी ठोस कारण के लगातार दो महीनों तक अनुपस्थित रहने वाले छात्र/छात्रा के नाम पटना विश्वविद्यालय सामान्य अधिनियम clause 10 के आलोक में काट दिए जायेंगे।

11. नामांकन के साथ-साथ पंजीयन (Registration) कराना अति आवश्यक है।

12. प्रवेश परीक्षोपरान्त महाविद्यालय/पटना विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन-विमर्श (Councelling) के बाद नामांकन किया जा सकेगा।

13. **माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार महाविद्यालय में किसी प्रकार की रैगिंग दण्डनीय अपराध है। इसके दोषी पाये जाने वाले छात्र-छात्राओं पर प्राथमिकी दर्ज कराया जायेगा।**

## आवेदन-पत्र के साथ संलग्न प्रमाण-पत्रों का विवरण :

आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण-पत्रों की छाया प्रति अवश्य संलग्न करें अन्यथा नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा–

1. विद्यालय/महाविद्यालय परित्याग-पत्र SLC/CLC की छात्र प्रति।

2. वैसे छात्र/छात्रा जो BC-II/BC-I/SC/ST कोटि के तहत आते हैं उन्हें DM या SDO के कार्यालय से निर्गत जाति प्रमाण-पत्र की फोटो प्रतिलिपि आवेदन-पत्र के साथ जमा करना होगा। अगर DM/SDO कार्यालय से निर्गत प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं हो तो BDO/CO के कार्यालय से निर्गत प्रमाण-पत्र की छायाप्रति भी लगायी जा सकती है, लेकिन ऐसी स्थिति में नामांकन के साथ DM या SDO द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3. अगर NCC का B अथवा C Certificate है तो उसकी छाया प्रति।

4. **वैसे छात्र जो कि आरक्षित वर्ग में खेलकूद/फाइन आर्ट्स/पटना वि.वि. शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के वार्ड्स, सैनिक, विकलांग अथवा विदेशी कोटा** के तहत नामांकन के लिए इच्छुक हैं, उन्हें भी (सामान्य फार्म के साथ-साथ) अलग से कॉलेज काउंटर से विहित प्रपत्र प्राप्त कर अपेक्षित प्रमाण-पत्रों के साथ जमा करना होगा।

5. अगर आवेदनकर्त्ता **नियमित छात्र** नहीं है अर्थात् उसने पिछली परीक्षा 2019 से पहले पास की है तो इस आशय के एक शपथ-पत्र (Court Affidavit) की छाया प्रति जमा करना होगा कि उसने पिछली परीक्षा पास करने के बाद से कहीं और नामांकन नहीं कराया है तथा नामांकन के समय इसकी मूल प्रति जमा करना होगा।



Scanned by CamScanner

6. विकलांगता के आधार पर नामांकन का दावा करने वाले को केवल अपने जिले के सिविल सर्जन द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र जिस पर विकलांगता का प्रतिशत उल्लेखित हो तथा सिविल सर्जन द्वारा अभिप्रमाणित फोटो भी चिपका हुआ हो, इसकी छाया प्रति संलग्न करें। नामांकन के समय इसकी मूल प्रति जमा करना है।

7. रक्षा कोटा के अन्तर्गत सेवानिवृत्त रक्षा कर्मचारियों के लिये केवल सैनिक निदेशालय द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र तथा कार्यरत रक्षा कर्मचारियों को संबंधित नियंत्रक अधिकारी (Controlling Officer) द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र मान्य है। आवेदन के साथ इसकी छाया प्रति संलग्न करें। नामांकन के समय मूल-प्रमाण पत्र जमा करना होगा।

8. खेलकूद/ललित कला के राजस्तरीय/विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने के प्रमाण-पत्र को छायाप्रति संलग्न करें। नामांकन के समय मूल-प्रमाण पत्र जमा करना होगा।

9. विदेशी नागरिक कोटा के आधार पर नामांकन के लिए भारत में स्थित सम्बद्ध दूतावास का तथा नागरिकता का प्रमाण-पत्र नामांकन के समय जमा करना आवश्यक है। आवेदन के साथ सम्बद्ध प्रमाण-पत्र की छाया प्रति जमा करना है।

10. छात्रों के आवेदन पत्र के साथ इस आशय का शपथ पत्र भी संलग्न करना होगा कि नामांकन के बाद प्रतिष्ठा के रूप में चयनित विषय का परिवर्तन किसी भी परिस्थिति में नहीं होगा। शपथ-पत्र प्रथम श्रेणी दण्डाधिकारी द्वारा निर्गत होना चाहिए।

11. नामांकन के समय सभी प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक है। आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर नामांकन के दावे को रद्द समझा जायेगा।

12. छात्रों के लिए कक्षा में 75% उपस्थिति अनिवार्य है।



Scanned by CamScanner

# कक्षाओं के लिए आवंटित एवं आरक्षित सीटों का ब्यौरा

विश्वविद्यालय के आदेशानुसार विभिन्न प्रतिष्ठा वर्गों में आवंटित और आरिक्षत सीटों का ब्यौरा–

## DETAILS OF SEATS

**Sanctioned Seat – 620**

### B.A.

| SUBJECT | Total Seats | GENRAL | BC–I (18%) | BC–II (12%) | SC (16%) | ST (01%) | OBW (03%) | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Pol. Science | 65 | 33 | 12 | 8 | 10 | 1 | 2 | 66 |
| History | 65 | 33 | 12 | 8 | 19 | 1 | 2 | 66 |
| Economics | 60 | 30 | 12 | 7 | 10 | 1 | 2 | 61 |
| Sociology | 60 | 30 | 12 | 7 | 10 | 1 | 2 | 61 |
| Psychology | 60 | 30 | 12 | 7 | 10 | 1 | 2 | 61 |
| Geography | 60 | 30 | 12 | 7 | 10 | 1 | 2 | 61 |
| Maths | 45 | 21 | 8 | 6 | 7 | 1 | 1 | 44 |
| English | 40 | 20 | 7 | 5 | 6 | 1 | 1 | 40 |
| Philosophy | 35 | 18 | 6 | 4 | 6 | 1 | 1 | 36 |
| Hindi | 35 | 18 | 6 | 4 | 6 | 1 | 1 | 36 |
| Sanskrit | 30 | 15 | 5 | 4 | 5 | 1 | 1 | 31 |
| Urdu | 20 | 10 | 4 | 2 | 3 | 1 | 1 | 21 |
| Maithili | 20 | 10 | 4 | 2 | 3 | 1 | 1 | 21 |
| Statistics | 25 | 11 | 5 | 3 | 4 | 1 | 1 | 25 |
| **G. Total =** | **620** | | | | | | | |

**Sanctioned Seat – 220**

### B. Sc. (Math)

| SUBJECT | Total Seats | GENRAL | BC–I (18%) | BC–II (12%) | SC (16%) | ST (01%) | OBW (03%) | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Physics | 60 | 33 | 11 | 7 | 10 | 1 | 2 | 61 |
| Chemistry | 50 | 23 | 9 | 6 | 8 | 1 | 1 | 48 |
| Maths | 50 | 23 | 9 | 6 | 8 | 1 | 1 | 48 |
| Geology | 30 | 15 | 5 | 4 | 5 | 1 | 1 | 31 |
| Statistics | 20 | 10 | 4 | 2 | 3 | 1 | 1 | 21 |
| G. Total | 210 | | | | | | Grand Total | 25 |

**Sanctioned Seat – 130**

### B. Sc. (Bio)

| SUBJECT | Total Seats | GENRAL | BC–I (18%) | BC–II (12%) | SC (16%) | ST (01%) | OBW (03%) | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Botany | 45 | 21 | 8 | 6 | 7 | 1 | 1 | 44 |
| Zoology | 45 | 21 | 8 | 8 | 7 | 1 | 1 | 44 |
| Chemistry | 25 | 11 | 5 | 3 | 4 | 1 | 1 | 25 |
| Geology | 10 | 6 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 11 |
| G. Total | 125 | | | | | | Grand Total | 124 |



Scanned by CamScanner

# पाठ्यचर्या

पटना विश्वविद्यालय के परिनियमों के अनुसार नामांकन त्रिवर्षीय ऑनर्स वर्गों के डिग्री कोर्स में केवल प्रथम वर्ष में ही किया जायेगा।

## बी. ए. (ऑनर्स) – पार्ट - I

त्रिवर्षीय डिग्री कोर्स (ऑनर्स) में नामांकन कराने वाले छात्र-छात्राओं को निम्नलिखित रूप से विषयों के चुनाव करने होंगे।

**स्नातक कला के लिए ऑनर्स एवं वैकल्पिक विषय–**

**अनिवार्य भाषा पत्र :**

**(i)** हिन्दी रचना (100 अंक) : केवल हिन्दी भाषियों के लिए

**या**

**(ii)** हिन्दी रचना (50 अंक) + निम्नलिखित में कोई एक भाषा (50 अंक) – केवल अहिन्दी भाषियों के लिए (अंग्रेजी / उर्दू / बंगला / मैथिली)

**(iii)** निम्नलिखित विषयों में से ऑनर्स के साथ Subsidiary–1 में से एक तथा Subsidiary-2 में से एक विषय का चुनाव अपेक्षित होगा–

| Hons. | Subsidiary–1 | Subsidiary–2 |
|---|---|---|
| HST | SOC/ECO/PH./PSY/GRG/POL | ENG/HIN/URD/MHL/SNK/PER |
| ECO | PHL/PSY/GRG/MAT/STAT | .............DO........... |
| POL | SOC/ECO/PSY/HST | .............DO........... |
| SOC | ECO/PSY/PHL/GRG | .............DO........... |
| GRG | PSY/SOC/HST/ECO | .............DO........... |
| MAT | POL/SOC/PHL/ECO/STAT | .............DO........... |
| STT | POL/SOC/PHL/ECO/MAT | .............DO........... |
| PHL | One of the above prescribed sub. | .............DO........... |
| PSY | .............DO........... | One of the above Prescribed sub |
| HIN | .............DO........... | .............DO........... |
| ENG | .............DO........... | .............DO........... |
| BEN | .............DO........... | .............DO........... |
| URD | .............DO........... | .............DO........... |
| SNK | .............DO........... | .............DO........... |
| PER | .............DO........... | .............DO........... |
| MHL | .............DO........... | .............DO........... |

**Note :** Two language papers in subsidiary can not be offered in undergraduate class.



Scanned by CamScanner

## बी. एस-सी. (ऑनर्स) – पार्ट - I

त्रिवर्षीय डिग्री कोर्स (ऑनर्स) में नामांकन कराने वाले छात्र-छात्राओं को निम्नलिखित रूप से विषयों के चुनाव करने होंगे।

**अनिवार्य भाषा पत्र :**

**(i)** हिन्दी रचना (100 अंक) : केवल हिन्दी भाषियों के लिए

**या**

**(ii)** हिन्दी रचना (50 अंक) + निम्नलिखित में कोई एक भाषा (50 अंक) – केवल अहिन्दी भाषियों के लिए (अंग्रेजी / संस्कृत / उर्दू / फारसी / बंगला / मैथिली)

**वैकल्पिक विषय :** इनमें किन्हीं दो विषयों का अध्ययन अपेक्षित है।

**बी. एस-सी. (ऑनर्स)** के छात्रों के लिए निम्नलिखित दो वर्गों में ऑनर्स के साथ किन्हीं दो वैकल्पिक विषयों का अध्ययन करना अनिवार्य है।

| (1) गणित वर्ग (ऑनर्स के विषय) | वैकल्पिक विषय (किन्हीं दो चयन करें) |
|---|---|
| (i) PHY | CHE/MAT/GEO/STAT |
| (ii) MAT | PHY/CHE/GEO/STAT |
| (iii) CHE | PHY/GEO/MAT/STAT |
| (iv) STAT | PHY/MAT/GEO |
| (v) GEO | PHY/CHE/MAT |

| (2) जीव विज्ञान वर्ग (ऑनर्स के विषय) | वैकल्पिक विषय (किन्हीं दो चयन करें) |
|---|---|
| (i) ZOO | BOT/CHE/GEO |
| (ii) BOT | ZOO/CHE/GEO |
| (iii) CHE | BOT/ZOO/GEO |
| (iv) GEO | BOT/ZOO/CHE |

बी. एस.-सी. वर्ग में सिर्फ भूगर्भविज्ञान विषय को छोड़कर अन्य किसी भी वैसे विषय में अध्ययन की अनुमति नहीं मिलेगी जिसका अध्ययन इंटरमीडियट में न किया गया हो।

**नोट :** छात्र-छात्राओं को यह निर्देशित किया जाता है कि विषयों के चुनाव के लिए आवेदन प्रपत्र में निर्दिष्ट तथा प्राथमिकता के क्रम से अपना मंतव्य सावधानीपूर्वक भरें। सीटों की उपलब्धता के अनुरूप ऑनर्स का आवंट किया जायेगा।

**बी. ए. पार्ट-III तथा बी. एस.-सी. पार्ट-III** में केवल ऑनर्स में चार पत्रों और **सामान्य अध्ययन (100 अंक)** का अध्ययन अनिवार्य है।



Scanned by CamScanner

# व्यावसायिक शिक्षा (Vocational Course) के कोर्स

**व्यावसायिक शिक्षा (Vocational Course)** योजना के तहत बी. ए. एवं बी. एस-सी. (ऑनर्स) स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए **Biotechnology/ BCA/ Functional English / BBA / Gemology** विषयों में त्रिवर्षीय डिग्री कोर्स की पढ़ाई की भी व्यवस्था है। साथ-ही योगा का कोर्स भी प्रस्तावित है। इसका संचालन संबंधित विभाग द्वारा किया जाता है। इन विषयों में नामांकन संबंधित विभाग द्वारा आयोजित योग्यता परीक्षा के आधार पर तैयार की गई मेधा-सूची से होता है। इसके लिए अलग से सूचना दी जाती है।

महाविद्यालय में IGNOU द्वारा संचालित अध्ययन केन्द्र सं० 0524 भी स्थापित है जहाँ B.A./B.Sc./ RDD/ MARD/ MA (Hindi & Hist.) के लिये IGNOU द्वारा नामांकन किया जाता है। महाविद्यालय में UGC द्वारा संचालित SC/ST/OBC और अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए NET Coaching का भी संचालन किया जा रहा है।

सभी विद्यार्थी जिनका नामांकन **बी. ए./बी. एस.-सी. तथा एम. ए./एम.एस.-सी.** वर्गों में किया गया हो, उन्हें पटना विश्वविद्यालय के अन्तर्गत निबंधित होना आवश्यक है। अतः नामांकन के तुरंत बाद वे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क अदा कर विहित प्रपत्र भरकर अपना निबंधन निश्चित रूप से करा लें।

## शुल्क

नामांकन के समय लिया जाने वाला शुल्क संबंधी ब्यौरा कॉलेज के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कर दिया जायेगा।

यह राशि नामांकन के समय चालान द्वारा जमा की जायेगी। निर्धारित राशि का चाालन **"प्राचार्य बी. एन. कॉलेज"** के नाम सिर्फ पटना में देय होगा। विस्तृत जानकारी नामांकन के समय दी जायेगी।

**एस. सी. / एस. टी. और बी. सी. (1)** के अभ्यर्थियों के लिए जानेवाले शुल्क में नियमानुसार छूट देने का प्रावधान है।

पटना विश्वविद्यालय अधिसूचना के अनुसार छात्र-छात्राओं से शिक्षण-शुल्क तथा अन्य शुल्कों की बकाया राशि के भुगतान के लिए सूचनाएँ कॉलेज के सूचना पट्ट पर समय-समय पर प्रदर्शित की जायेगी। छात्र-छात्राओं से यह अपेक्षा की जाती है कि वे सूचना के तुरंत बाद बकाये राशि का भुगतान निर्देशानुसार कॉलेज कार्यालय में करेंगे।

## छात्रावास

छात्रावास में रहने की सुविधा सिर्फ वैसे छात्रों को दी जायेगी, जिनका नामांकन इस कॉलेज में किया गया हो। छात्रावास में रहने के लिए अंतेवासी (बोर्डर) छात्रों के चयन का आधार सिर्फ तत्संबंधी प्राप्त आवेदन-पत्रों से तैयार की गयी मेधा-सूची ही होगा। इस संबंध में छात्र/छात्रा आवश्यक प्रपत्र तथा अन्य जानकारियाँ छात्रावास-अधीक्षक के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

अन्य किसी भी प्रकार की विशेष जानकारी के लिए प्राचार्य-कार्यालय में संपर्क करें।

**बिहार नेशनल कॉलेज**
अशोक राजपथ, पटना - 800 004
दूरभाष : 9612-2300619



Scanned by CamScanner

# कोड संकेत

## 1. निर्धारित विषय कोड

| महाविद्यालय कोड | महाविद्यालय का नाम |
|---|---|
| PSC | Patna Science College |
| PCP | Patna College, Patna |
| BNC | Bihar National College |
| VMV | Vanijya Mahavidyalaya |
| MMC | Magadh Mahila College |
| PWC | Patna Women's College |
| WTC | Women'sTraining College |
| PLC | Patna Law College |
| CAC | College of Arts & Crafts |
| DDE | Directorate of Distance Education |

## 2. BGH — Bachelor in Geohydrology

| कोड | कोर्स का नाम |
|---|---|
| BA | Bachelor of Arts |
| B. Sc. | Bachelor of Science |
| B. Com. | Bachelor of Commerce |
| BED | Bachelor of Education |
| LLB | Bachelor of Law |
| BFA | Bachelor of Fine Arts |
| BCA | Bachelor of Computer Application |
| BBA | Bachelor of Business Administration |

## 3. विषय कोड

| विषय कोड | कोर्स का नाम |
|---|---|
| HIN | HINDI |
| ENG | ENGLISH |
| URD | URDU |
| BEN | BENGALI |
| MAI | MAITHILI |
| SAN | SANSKRIT |
| PER | PERSIAN |
| ARA | ARABIC |
| HIS | HISTORY |
| POL | POLITICAL SCIENCE |
| SOC | SOCIOLOGY |
| ECO | ECONOMICS |
| PSY | PSYCHOLOGY |
| PHI | PHILOSOPHY |
| GEO | GEOGRAPHY |
| HSC | HOME SCIENCE |

| विषय कोड | कोर्स का नाम |
|---|---|
| MUS | MUSIC |
| PHY | PHYSICS |
| CHE | CHEMISTRY |
| MAT | MATHEMATICS |
| STA | STATISTICS |
| GEL | GEOLOGY |
| BOT | BOTANY |
| ZOO | ZOOLOGY |
| A/C | ACCOUNTS |
| BE | BUSINESS ENVIRONMENT |
| CRA | CORPORATE ADMINISTRATION |
| BO | BUSINESS ORGANISATION |
| AUD. | AUDITING |
| F.A/C | FINANCIAL ACCOUNTING |
| POE | PRINCIPLES OF ECONOMICS |
| M&B | MONEY & BANKING |
| PED | PLANNING & ECONOMIC DEVLEOPMENT |
| BF | BUSINESS FINANCE |



Scanned by CamScanner

4. लिंग

| कोड | लिंग का नाम |
|---|---|
| M | MALE |
| F | FEMLAE |
| TG | TRANSGENDER |

5. कोटि

| कोटि कोड | कोटि का नाम |
|---|---|
| GN | GENERAL |
| SC | SCHEDULED CAST |
| ST | SCHEDULED TRIBE |
| BW | WOMEN OF BACKWARD CLASS |
| 01 | BC-1 |
| 02 | BC-2 |

6. धर्म कोड

| धर्म कोड | धर्म का नाम |
|---|---|
| H | HINDU |
| M | MUSLIM |
| C | CHRISTIAN |
| S | SIKH |

| धर्म कोड | धर्म का नाम |
|---|---|
| J | JAIN |
| B | BUDHIST |
| P | PARSI |
| O | OTHERS |

7. राष्ट्रीयता कोड

| राष्ट्रीयता कोड | राष्ट्रीयता |
|---|---|
| I | INDIAN |
| N | NEPALI |
| O | OTHERS |

8. कोटा कोड

| कोटा कोड | कोटा का नाम |
|---|---|
| × | Not appied for any Quota |
| 1 | Sports / Fine Arts / Music |
| 2 | Teaching/Non-Teaching Staff Quota / Defence Quota / Physically Handicapped Quota |
| 3. | Special Quota (Humanities) |



Scanned by CamScanner



माननीय कुलपति, प्राचार्य एवं माननीय विधायक श्री नवल किशोर यादव



Research Frontiers in 21st Centuary
विषय पर आयोजित संगोष्ठी की उदघाटन समारोह

Scanned by CamScanner

# कॉलेज–गीत

हमारा कॉलेज बिहार नेशनल कॉलेज
हम इसके साये में पल रहे हैं
तभी तो जोशे वतन हमारे
दिलों के अंदर उछल रहे हैं ।
यहाँ कि मिट्टी है कुल्हड़िया की
यहाँ का पानी है कोइलवर का
यहाँ की टकसाल ठोस, जिसमें
ये सिक्के सोने के ढल रहे हैं ।
ये नींव पक्की है जिसके पत्थर
ये वो इमारत जहाँ हजारों
जली थी जो आग जगदीशपुर में
उसी के शोले छिटक रहे हैं ।
उन्हीं कुँवर सिंह की लौ से रोशन
हजारों दीए ये जल रहे हैं ।
मसें ये भींगी, नसें फड़कतीं,
नशा रगों में, लहू में मस्ती
ये नौजवानों के कारवाँ हैं,
शहीद होने को चल रहे हैं !
बढ़े चलो तुम ऐ नौनिहालो ।
तुम्हारे सपनों में हम जी रहे हैं ।
जरा तवारीख में मोड़ दे दो
ये नक्शे के रंग बदल रहे हैं ।

**नामांकन की अंतिम तिथि के बाद कोई नामांकन नहीं होगा**

**नोट :**

एक माह के अंतर्गत सभी नामांकित छात्र अपना Migration Certificate कार्यालय में जमा कर निबंधन करा लेंगे अन्यथा उनका नामांकन रद्द कर दिया जायेगा।

Scanned by CamScanner